सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority

भाद्र 07, मंगलवार, *शाके* 1945-अगस्त 29, 2023

Bhadra 07, Tuesday , Saka 1945- August 29, 2023

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 25, 2023

संख्या एफ.15(39)पंरावि/विधि/नाम परिवर्तन/जालोर/2023/440:– राजस्व (ग्रुप–1) विभाग की अधिसूचना क्रमांक संख्या प.9(58)राज–1/2021 दिनांक 14.07.2023 के द्वारा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का राजस्थान अधिनियम संख्या 15), की धारा 16 के प्रावधानों में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इस संबंध में जारी पूर्व अधिसूचनाओं के आंशिक अधिक्रमण में एतद्द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अनापत्ति संख्या 11/5/2023–M&G Date 19.06.2023 के अनुसरण में जिला जालोर की तहसील सायला के राजस्व ग्राम ''भूण्डवा'' (BHUNDWA) का नाम परिवर्तित कर ''भाण्डवपुर'' (BHANDAVPUR) किया गया है ।

अतः उक्त अधिसूचना के अनुक्रम में जालोर जिले की पंचायत समिति सायला के राजस्व ग्राम ''भूण्डवा'' (BHUNDWA) का नाम परिवर्तित हो जाने के कारण ग्राम पंचायत ''भूण्डवा'' (BHUNDWA) के नाम से विद्यमान ग्राम पंचायत का नाम परिवर्तित कर ''भाण्डवपुर'' (BHANDAVPUR) किया जाता है ।

आज्ञा से,
रवि जैन,
शासन सचिव एवं आयुक्त।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।